तापमान
अधिकतम 45 .2 डिग्री
न्यूनतम 20 .6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 11 मई 2026

10 मतदाताओं ने शहर की सरकार चुनने में नहीं दिखाया उत्साह, 53 फीसदी ने किया मतदान 10



## खबर संक्षेप

### सनौली रोड पर हादसे में युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के सनौली रोड पर छाजपुर बाइपास के पास शनिवार देर शाम बाइक सवार अंकित निवासी गांव कुराडा जिला पानीपत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, पुलिस पोस्टमार्टम के बाद अंकित का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो कथित बाबाओं ने सोने की अंगूठी छीनी

**पानीपत।** पानीपत में गांव बडौली की नंदी गोशाला में दानपुण्य कर बाहर निकले रामपाल निवासी गांव बाल पबाना जिला करनाल को पेप्सी रोड पर सम्मोहित कर दो कथित बाबाओं ने उसके हाथ से सोने की अंगूठी निकाल कर फरार हो गए। थाना सदर पुलिस ने रामपाल की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध पिस्तौल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस ने गौरव पुत्र सोमबीर निवासी गांव छाजू गढ़ी जिला पानीपत व शहजाद उर्फ साहिल पुत्र याकूब निवासी गांव गढ़ भरल जिला करनाल को अलग-अलग स्थानों से अवैध पिस्तौल के साथ पकड़ा है। थानेदार राकेश ने बताया कि आरोपियों पर संबंधी थानों में केस दर्ज करवाया गया।

### पशुओं में टीकाकरण अभियान आज से

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा पशुधन को खतरनाक बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 11 मई से 11 जून तक पूरे जिले में खुरपका -मुंहपका एवं गलघोटू संयुक्त टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले में 30 टीमें 2 लाख 13 हजार के लक्ष्य को हासिल करेगी। अभियान के तहत चार महीने से अधिक आयु के सभी गोवंश और भैंसों का टीकाकरण किया जाएगा।

### चाचा व भतीजा लापता मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर की ज्योति पत्नी पवन ने इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 मई को घर से उसका पति पवन पुत्र दिलावर और उसका भतीजा अजय पुत्र आजाद सिंह लापता हो गए। इधर, पुलिस ने पवन व अजय की तलाश शुरू कर दी है।

### श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन द्वारा रविवार को खाटू श्याम चुलकाना घाम व लकीसर बाबा के दर्शनों को श्रद्धालुओं को फ्री बस यात्रा उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन, काजल जैन, अंकित माटा, अजय खुराना, भावना ग्रोवर, राकेश कौशिक, पवन आदि उपस्थित रहे।

### जनगणना में करें सहयोग : डीसी

**पानीपत।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य पूरी गति से जारी है। जिला प्रशासन की ओर से घर-घर जाकर आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश के भविष्य की योजनाओं की मजबूत आधारशिला है।

### चेयरपर्सन ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**समालखा।** जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने रविवार को गांव चुलकाना में गोशाला में शेड निर्माण एवं जोगी धर्मशाला निर्माण कार्यों के शिलान्यास किया। मौके पर जिला पार्षद सुंदर छोक्कर, सरपंच सतीश छोक्कर, मदन शर्मा, गोशाला प्रधान कंवर सिंह छोक्कर, मामन जोगी, महावीर जोगी आदि मौजूद थे।

---

### सीएम के प्रदूषण फैलने वाली औद्योगिक इकाइयों पर सख्त कार्रवाई के आदेश

# पानीपत में लगातार बढ़ रहा औद्योगिक प्रदूषण

*नगर निगम के अधिकारी और प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मुख्य रूप से बैठक में हुए शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के चेयरमैन डॉ. जे. गणेशन ने यमुना एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक में पानीपत के औद्योगिक प्रदूषण को लेकर कड़ा रुख अपना लिया है। वहीं, बैठक में खुलासा हुआ कि पानीपत में उद्योगों द्वारा भूजल को प्रदूषित किया जा रहा है, जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वयं संज्ञान लिया है। डॉ. गणेशन ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पानीपत के क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि प्रदूषण फैला रही औद्योगिक इकाइयों को चिन्हित कर उन पर तत्काल कार्रवाई करे। गत माह हुई बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट के अनुसार बैठक में पानीपत नगर निगम के अधिकारी और प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

दूसरी ओर, बैठक में नगर निगम पानीपत के मुख्य अभियंता रमेश बागरी ने जानकारी दी कि ड्रेन नंबर-दो में गिरने वाले बिना उपचारित गंदे पानी को रोककर एसटीपी (एसटपी) की ओर मोड़ दिया गया है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले वर्ष ड्रेन के पानी की बीओडी वैल्यू 70 जीएम थी, जो अब घटकर 32 जीएम रह गई है।

दूसरी ओर बैठक में एचएसपीसीबी) के चेयरमैन डॉ. जे. गणेशन ने कहा कि सुधार के बावजूद पानीपत में अभी भी कई चुनौतियां बरकरार हैं, इसके मद्देनजर उन्होंने प्रदूषण फैलने वालों पर ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

दूसरी ओर, पुराना इंडस्ट्रियल एरिया का अपशिष्ट अभी भी ड्रेन के लिए चुनौती बना हुआ है। हालांकि उद्योगों ने ईटीपी लगाए हैं, लेकिन उनकी कार्यक्षमता की जांच की जाएगी। दूसरी ओर, बैठक में पानीपत के चौटाला रोड पर अवैध रूप से टैंकरों द्वारा अपशिष्ट फैंकने को रोकने, ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटने व इस क्षेत्र में कड़ी निगरानी के आदेश दिए गए हैं। वहीं, भूजल प्रदूषण और नियमों की अनदेखी करने वाली इकाइयों के खिलाफ अब लंबी प्रक्रिया नहीं अपनाई जाएगी।



**पानीपत।** बाहरी क्षेत्र में ड्रेन नंबर दो में प्रदूषित पानी छोड़ते हुए ट्रैक्टर से जुडा टैंकर। फोटो : हरिभूमि

#### ड्रोन मैपिंग करवाने का निर्णय

क्षेत्रीय अधिकारियों को शक्तियां दे दी गई हैं कि वे गंभीर उल्लंघन करने वाली इकाइयों को मात्र तीन दिन का कारण बताओ नोटिस (एससीएन) देकर सीधे बंद कर सकते हैं। एचएसपीसीबी के चेयरमैन डॉ. जे. गणेशन ने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाले छिपे हुए स्रोतों का पता लगाने के लिए अब तकनीक का सहारा लिया जाएगा। बोर्ड ने एक एजेंसी के माध्यम से ड्रेनों की ड्रोन मैपिंग करवाने का निर्णय लिया है। यह ड्रोन सर्वे नोडल अधिकारियों और आरओ की देखरेख में किया जाएगा, ताकि ड्रेनों को प्रदूषित करने वाले हर छोटे-बड़े स्रोत की पहचान हो सके।

---

### लिफ्ट के बहाने बुजुर्ग से लूटपाट का प्रयास

# शोर मचाने पर फेंका एसिड झुलसने से हालत खराब

*'अपना घर' वृद्धाश्रम के महेश कुमार को बदमाशों ने निशाना बनाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला छावनी में दिनदहाड़े एक बुजुर्ग पर लूटपाट के प्रयास के दौरान ज्वलनशील पदार्थ फेंका गया। यह घटना रविवार को हाथी खाना मंदिर के पास हुई। 'अपना घर' वृद्धाश्रम के महेश कुमार को बदमाशों ने निशाना बनाया जब उन्होंने लूट का विरोध किया तो उस पर एसिड डाल दिया। बुजुर्ग इससे बुरी तरह से झुलस गया। महेश कुमार रविवार सुबह हाथी खाना मंदिर में दर्शन करने गए थे। जब वह माथा टेककर वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक बाइक पर सवार दो युवक और उनके पीछे एक एक्टिवा सवार युवक ने उन्हें रोका। बदमाशों ने हमदर्दी दिखाते हुए बुजुर्ग से कहा कि गर्मी बहुत है, हम आपको आगे तक छोड़ देते हैं। जब महेश कुमार ने मना किया, तो बदमाशों ने जबरन उन्हें अपनी बाइक पर बीच में बैठा लिया। बुजुर्ग महेश कुमार ने शोर मचाना शुरू कर दिया। खुद को फंसता देख बदमाशों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी। उन्होंने बुजुर्ग पर एसिड फेंक दिया।

#### जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपी

*मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और पीड़ित के बयान दर्ज किए। पुलिस अब मंदिर के आसपास और भागने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है ताकि बाइक और एक्टिवा सवार बदमाशों की पहचान की जा सके। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

---

# चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व सोने चांदी के जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव कामी माजरा में चोरों ने रात को एक घर से घुसकर 25 हजार रुपये तथा सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कामी माजरा निवासी सफाकत में सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार मई को रात 10 बजे वह परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर में सो गया था। सुबह जब उनकी आंख खुली तो घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से 25 हजार रुपए, कानों की बालियां, चांदी की पाजेब व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



#### ट्यूबवेल पर लगी तीन सोलर प्लेट चोरी

गांव पीरूवाला निवासी ऋषि पाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने अपने खेतों की सिंचाई के लिए सोलर ट्यूबवेल लगवाया हुआ है। दो मई को शाम छह बजे वह खेतों से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब खेत में गया तो वहां से ट्यूबवेल की तीन सोलर प्लेट गायब मिली। जिनकी कीमत करीब 20 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

### हथियारों की खेप के साथ आरोपी को पकड़ा

- दो 2 पिस्तौल, 15 कारतूस व 3 मैग्जीन, बाइक बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने बुलट बाइक सवार विनय पुत्र राजेश निवासी गांव नोहरा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया और उसके पास से दो देसी पिस्तौल, तीन मैग्जीन और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि विनय पर जानलेवा हमला करने के आरोप में केस दर्ज है। वहीं, आरोपी ने विदेश में निवास कर रहे आपने दोस्त के माध्यम से सोशल मीडिया ऐप पर एक युवक से बात कराई थी। युवक के कहने पर करीब डेढ़ महीना पहले वह 1 देशी पिस्तौल व 10 कारतूस जीरकपुर से और एक देसी पिस्तौल, एक मैग्जीन व पांच जिंदा कारतूस मुंबई से लेकर आया था। उन्होंने बताया कि आरोपी विनय से बरामद हथियारों की खेप व बाइक पुलिस ने केस की जांच के लिए जहां इंपाउंड की, वहीं उस पर थाना हुडा सेक्टर 13/ 17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। पुलिस ने विनय को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया, ताकि उसके साथियों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

---

# धारूहेड़ा में जमीन दिलवाने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे 50 लाख रुपये

*पुलिस में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के कन्हैया साहब चौक निवासी देवेंद्र सिंह को जिला रेवाड़ी के धारूहेड़ा में जमीन दिलवाने के नाम पर 50 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप राम अवतार यादव पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार देवेंद्र सिंह ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2025 में उसकी मुलाकात राम अवतार यादव के साथ हुई। आरोपी ने उसे जिला रेवाड़ी के धारूहेड़ा में जमीन दिलवाने का झांसा दिया। वह आरोपी के साथ जमीन देखकर आया। जमीन उसकी पसंद आ गई। इस दौरान आरोपी ने उस जमीन दिलवाने व उसके नाम जमीन करवाने के नाम पर 50 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपी ने उसे जमीन नहीं दिलवाई। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ शहर यमुनानगर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### कनाडा भेजने और पीआर करवाने के नाम पर इंजीनियर से हड़पे 20 लाख रुपये

यमुननगर। यमुनानगर के एक इंजीनियर से कनाडा भेजने और भविष्य में पीआर दिलाने का झांसा देकर करीब 20 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पंचकूला स्थित रुद्राक्ष ग्रुप के संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, आपराधिक साजिश और इमिग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। यमुनानगर निवासी पीड़ति सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इंजीनियरिंग कंपनी में बतौर इंजीनियर कार्यरत हैं। वर्ष 2022 में उनकी मुलाकात पंचकूला में रुद्राक्ष ग्रुप नाम से इमिग्रेशन ऑफिस चलाने वाले आरोपितों से हुई थी। आरोपितों ने उन्हें कनाडा में वर्क वीजा लगवाने और बाद में स्थायी निवास यानी पीआर दिलाने का भरोसा दिया। सुमित का आरोप है कि आरोपी राकेश, प्रभा रेखी, योगिता, बलजीत, गुरवचन, हरनूर कौर तथा शिवम ने अलग-अलग किस्तों में उनसे करीब 20 लाख रुपये ले लिए। यह रकम उन्होंने अपनी बचत, अपनी मां के पैसों और एक प्रॉपर्टी बेचकर जुटाई थी। आरोप है कि रुपये लेने के बाद भी न तो वर्क वीजा लगवाया गया और न ही कोई प्रक्रिया पूरी करवाई गई।

---

# अफीम तस्करी कर रहे 4 आरोपी गिफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- वरना गाड़ी से 250 ग्राम अफीम बरामद

एंटी नारकोटिक सेल द्वारा एक वरना गाड़ी में नशा तस्करी कर रहे 4 आरोपियों को 250 ग्राम अफीम सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जगभान की टीम को गश्त दौरान गांव टीक के पास टी प्वाइंट बरोट-बंदराना रोड के पास एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई की ढांड पंचमुखी चौक के पास एक काली रंग की वरना कार में चार व्यक्ति बैठे हुए हैं, जो नशीला पदार्थ लेकर कैथल की तरफ आने वाले हैं। जिन्हे नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तुरंत ढांड कैथल रोड टीक के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। कुछ देर बाद बाद सूचना अनुसार नंबर की काली वरना गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसे पुलिस टीम ने रुकवा लिया। कार में सवार व्यक्तियों की पहचान गांव कैलरम निवासी मन्दीप व जसविंद्र सिंह, चंदाना निवासी आनंद तथा गांव खनोदा निवासी रिशी के रूप में हुई।

---

# नाली के पानी की निकासी को लेकर चली लाठी व गंडासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- 6 महिलाओं सहित 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

गांव ट्योंठा में गली में नाली के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के 5 दिन बाद पूंडरी थाना पुलिस ने पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर 6 महिलाओं सहित 12 लोगों के खिलाफ मारपीट का क्रॉस केस दर्ज किया है।

एक पक्ष की ओर से पुलिस को दी शिकायत में कृष्णा देवी ने बताया कि वह घर का फर्श धो रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रदीप, कृष्ण, सुमन, सीमा, शिवांशु, मयंक और संतोष मौके पर पहुंचे और गंदा पानी उनकी ओर आने की बात कहकर विवाद करने लगे। आरोप है कि कुछ ही देर बाद वे गंडासी और लाठियां लेकर आए और उसके परिवार के लोगों पर हमला कर दिया, जिससे कई सदस्य घायल हो गए।

वहीं दूसरे पक्ष से कृष्ण कुमार ने शिकायत दी कि पड़ोस के श्रवण कुमार, शिवम, मामो देवी, कृष्णा और अन्य लोगों ने उन पर गंडासी व लाठियों से हमला किया। इस हमले में उनके परिवार के सदस्यों को भी चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। पूंडरी थाना प्रभारी शिवकुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### 5 जून को प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढांडा के आवास पर किया जाएगा प्रदर्शन

# दम तोड़ने के कगार पर है राजकीय स्कूलों में चल रही मिड डे मिल योजना: शरबती

*यूनियन की राज्य सचिव शरबती ने प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किए जा रहे जनसंपर्क के दौरान दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा मिड डे मिल यूनियन द्वारा मानदेय लंबित पड़ा होने, राशन के खत्म होने और वर्कर्स की छंटनी के विरोध में 5 जून को शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के पानीपत स्थित निवास स्थान पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर से हजारों मिड डे मिल वर्कर्स भाग लेंगी। उक्त जानकारी रविवार को हरियाणा मिड डे मिल यूनियन की राज्य सचिव शरबती ने धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए खण्ड बिलासपुर के गांव धर्मकोट, हरतोल व चोराही में किए गए जनसंपर्क के दौरान दी।

यूनियन की राज्य सचिव शरबती ने कहा कि सरकार द्वारा एक तरफ मिड डे मिल योजना को लेकर बड़े बड़े दावे किए जा रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ मिड डे मिल का राशन स्कूलों में खत्म हो रहा है। स्कूलों में बच्चों को समय पर भोजन तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा। हालात इतने खराब हैं कि कई जगहों पर वर्करों और शिक्षकों को अपनी जेब से सामान खरीदकर बच्चों के लिए खाना तैयार करना पड़ रहा है।

यह बेहद शर्मनाक स्थिति है। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्करों का मानदेय पिछले चार पांच महीनों से लंबित पड़ा है। पहले से बेहद कम वेतन पर काम कर रही महिलाओं को अब घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। कई महिलाओं को बच्चों की पढ़ाई, दवाई और घर खर्च के लिए कर्ज लेने पर मजबूर होना पड़ रहा है।



**यमुनानगर।** धर्मकोट में जनसंपर्क के दौरान धरना-प्रदर्शन की जानकारी देती यूनियन की राज्य सचिव शरबती व अन्य नेता। फोटो : हरिभूमि

#### वर्करों को हटाने की तैयारी

मौके पर यूनियन की जिला प्रधान नीलम भट्टी व सचिव कविता शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार बच्चों की संख्या कम होने का बहाना बनाकर बड़ी संख्या में वर्करों को हटाने की तैयारी कर रही है। जबकि दूसरी ओर उन्हीं कर्मचारियों पर दूध, चॉकलेट और अन्य अतिरिक्त योजनाओं का बोझ डाला जा रहा है। कम कर्मचारियों से ज्यादा काम करवाना सरासर शोषण है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रदर्शन की तैयारी को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाकर मिड डे मिल वर्कर्स को प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आहवान किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सभी स्कूलों में राशन की आपूर्ति शुरू नहीं की गई और लंबित मानदेय जारी नहीं किया गया तथा वर्करों की छंटनी पर रोक नहीं लगाई गई तो मिड डे मिल वर्कर्स प्रदेश भर में बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगी।

---

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

- अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

व्यासपुर थाना क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि करीब एक साल पहले युवती की पहचान गांव कांसीपुर निवासी अमित से हुई थी। आरोप है कि अमित ने शादी का भरोसा देकर युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। इस दौरान वह लगातार युवती के संपर्क में रहा और बाद में शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

आरोप है कि अमित ने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली। अब वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस को दी और कुछ साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे हैं। महिला थाना यमुनानगर पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 और आईटी एक्ट की धारा 67-ए के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच कर रही थाना प्रभारी शीलावंती का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 18 वर्षीय लड़की गत आठ मई को सुबह 11 बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को हर्ष नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक हर्ष के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### छेड़छाड़ के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़कियों का पीछा करने व छेड़छाड़ के आरोप में महिला थाना पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। छछरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की गांव की ही सहेली के साथ जब भी घर से बाहर जाती तो आरोपी गुरमीत एक अन्य युवक गुरमीत व वंश पीछा करना शुरू कर देते। जब वह स्कूल में जाती तब भी आरोपी उनका पीछा करते और उनके साथ छेड़छाड़ करते। उनकी लड़कियों ने कई बार नजर अंदाज किया मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। 20 अप्रैल को उसकी लड़की अपनी सहेली के साथ किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपियों ने उनका पीछा करउनके साथ छेड़छाड़ की। उसकी लड़की ने घर जाकर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दूसरे का कोई सामान मिले तो तत्काल पुलिस स्टेशन में करवाएं जमा

# रास्ते में मिला मोबाइल फोन न रखें अपने पास, हो सकती है सजाः एसपी

**सार्वजनिक स्थल पर मिले सामान को अपने पास रखना चोरी के समान दंडनीय अपराध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सार्वजनिक स्थल या रास्ते पर पड़ा हुआ मिला किसी का मोबाइल फोन अपने पास रखने पर मुसीबत का कारण बन सकता है। इसलिए रास्ते में अथवा सार्वजानिक स्थल या फिर बाजार में पड़े हुए मिलने किसी के मोबाइल फोन को तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या फिर पुलिस चौंकी में जमा करवा देना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मुताबिक रास्ते में पड़े हुए किसी के मोबाइल फोन को अपने पास रखना या फिर उसे बेचने का प्रयास करना अपरधा की श्रेणी में आता है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को सतर्क करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन किसी व्यक्ति के लिए सिर्फ बातचीत का साधन नहीं है। बल्कि इसमें उसकी निजी जानकारियां, महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंकिंग विवरण और सामाजिक जीवन से जुड़ी अहम सूचनाएं भी सुरक्षित रहती हैं।

ऐसे में यदि किसी का मोबाइल कहीं गिर जाता है तो उसे वापस मिलना उसके लिए बहुत राहत की बात होती है। इसीलिए आम नागरिकों का दायित्व बनता है कि वे ऐसे मोबाइल को छिपाने या गलत इस्तेमाल करने की बजाय पुलिस को सौंप दें। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों में रोजाना इस प्रकार की शिकायतें आती हैं कि किसी व्यक्ति का मोबाइल रास्ते या बाजार में कहीं गिर गया और वह वापस नहीं मिला।



पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

जांच में कई बार यह सामने आता है कि मोबाइल किसी राहगीर को मिला था लेकिन उसने उसे पुलिस को देने की बजाय अपने पास रख लिया। इस प्रकार का आचरण चोरी के अपराध के समान माना जाएगा और कानून की नजर में यह दंडनीय है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी मोबाइल मिलता है तो उसे उठाकर नजदीकी थाने या पुलिस चौकी में जमा करें।

पुलिस की तकनीकी टीम मोबाइल के आईएमईआई नंबर और अन्य सूचनाओं के आधार पर उसके वास्तविक मालिक का पता लगाकर मोबाइल वापस दिलवा सकती है। इस प्रक्रिया में ईमानदार नागरिक का नाम भी दर्ज किया जाता है। जिससे उसकी समाज में एक सकारात्मक पहचान बनती है।

#### दूसरों की संपत्ति को न मानें अपना

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति मिला हुआ मोबाइल अपने पास रखता है या उसे बेचने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस के पास ऐसे मामलों को ट्रेस करने की पूरी क्षमता है और तकनीक की मदद से मोबाइल रखने वाले व्यक्ति तक तुरंत पहुंचा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाज की भलाई और ईमानदारी का तकाजा यही है कि हम दूसरों की संपत्ति को अपना न मानें। एक मोबाइल फोन जिसकी कीमत कुछ हजार या लाखों रुपये हो सकती है। वह किसी व्यक्ति के लिए अनमोल है। ऐसे में उसका सही मालिक तक पहुंचना ही वास्तविक न्याय है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि इस संदेश को व्यापक स्तर पर साझा करें। ताकि हर कोई अपने कर्तव्य को समझे और समाज में ईमानदारी तथा विश्वास का वातावरण बने। पुलिस प्रशासन हमेशा ऐसे जागरूक नागरिकों के साथ खड़ा रहेगा और उन्हें सम्मानित भी करेगा।



राદौर। गोगा माड़ी में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते सदस्य।

# प्राचीन जाहरवीर गोगा माड़ी में भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- स्वर्णकार एसोसिएशन रादौर ने करवाया हवन-यज्ञ

स्वर्णकार एसोसिएशन रादौर की ओर से रविवार को कस्बा की प्राचीन जाहरवीर गोगा माडी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे से पूर्व एसोसिएशन के प्रधान पवन वर्मा के नेतृत्व में सदस्यों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। एसोसिएशन के प्रधान पवन वर्मा व पूर्व प्रधान रामकुमार वर्मा ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी सदस्य तन मन धन से पूरा सहयोग करते हैं। सभी की सुख शांति व भाईचारे की कामना को लेकर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर धर्मपाल वर्मा, विनोद वर्मा, शिवकुमार वर्मा, आशु वर्मा, विरेंद्र गर्ग, विकास वर्मा, अमित गुप्ता, अशोक वर्मा, प्रधान नगरपालिका रजनीश मेहता, कुलवंत वर्मा, रमेश वर्मा, भारत माटिया व लक्ष्मण सैनी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करवाना प्रमुख दायित्व : ओमबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पंचायत समिति जगाधरी द्वारा गांवों में विकास कार्यों पर जोर दिया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करवाना पंचायत समिति का प्रमुख कर्त्तव्य है। उक्त शब्द पंचायत समिति जगाधरी के अध्यक्ष ओमबीर पाल ने गांव बहादुरपुर की आदर्श कालोनी में नवनिर्मित गली का रिबन काटकर उद्घाटन करते हुए कहे। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने गली के उद्घाटन के दौरान पंचायत समिति जगाधरी के अध्यक्ष ओमबीर पाल का स्वागत किया।

जगाधरी पंचायत समिति के अध्यक्ष ओमबीर पाल ने कहा कि समिति द्वारा गांवों के विकास कार्यों पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर बहादुरपुर के ग्रामीणों ने ओमबीर पाल के समक्ष कई मांगे जैसे आदर्श कालोनी की गली नंबर दो में नलका लगवाए जाने, गली नंबर तीन में नाली निर्माण करवाने तथा गली नंबर एक से ट्रांसफार्मर को बाहर स्थानांतरित करवाने की मांग रखी। ओमबीर पाल ने ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगो को जल्द पूरा करवाने व समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष धर्मपाल ने ओमबीर पाल का गली का उद्घाटन करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुशील कुमार कांबोज, सुनील कुमार, बलदेव सिंह सैनी,राकेश कांबोज, रघुवीर सिंह, नरेंद्र कांबोज, नीरज कांबोज, शाहरुख खान, ऋषि पाल, ओमप्रकाश व राजकुमारी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** बहादुरपुर में नवनिर्मित गली का उद्घाटन करते समिति के अध्यक्ष ओमबीर पाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# मेहंदी हसन की हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार

**गिरफ्तार किए गए चचेरे भाई साकिर और आवेश को पुलिस ने चार दिन के रिमांड पर लिया, पहले ही पकड़ा जा चुका है चाचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के हमीदा निवासी मेहंदी हसन की हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसके चचेरे भाई साकिर व आवेश को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मृतक के आरोपी चाचा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने मामले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर ले लिया है।

मामले की जांच कर रहे पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि करीब सप्ताह भर पहले हमीदा निवासी मेहंदी हसन(42) की हत्या हो गई थी। मामले में उसके दो चचेरे भाई आरोपी थे। फरार चल रहे उसके चचेरे भाई आरोपी साकिर व आवेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आरोपियों के पिता कुरबान को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मामले में पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।



**यमुनानगर।** सीआईए वन पुलिस द्वारा मेहंदी हसन हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी।

#### ये था मामला

पुराना हमीदा निवासी जब्बार हसन ने पुलिस में शिकायत दी थी कि वह मेहंदी हसन समेत पांच भाई हैं। उसने बताया कि पिछले कई दिन से किसी बात को लेकर उसका चाचा कुरबान व चचेरा भाई आवेश उसके भाई मेहंदी हसन के साथ किसी बात को लेकर रंजिश रख रहे थे। इसी रंजिश के चलते गत 3 मई की रात लगभग सवा दस बजे मेहंदी हसन घर से बाहर निकला तो आरोपी कुरबान ने अपने बेटे आवेश, साकिर, सोहेल व बलकिशा के साथ मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई थी। उस समय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी कुरबान को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में अब आरोपी साकिर व आवेश को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

# अगले सीजन से कृषि मंत्री ने किया है गन्ने का रेट बढ़ाने का वादा

- गन्ना बकाया भुगतान पर भाकियू ने कृषि मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)ने स्थानीय शुगर मिल द्वारा बकाया पड़े गन्ना के भुगतान कर दिए जाने पर खुशी जताई है। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने शुगर मिल द्वारा गन्ने का बकाया भुगतान किए जाने की जानकारी दी। मौके पर उन्होंने बकाया भुगतान किए जाने पर शुगर मिल और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का आभार प्रक्ट किया है।

सुभाष गुर्जर ने बताया कि सरस्वती शुगर मिल में किसानों का गन्ने का लगभग 7 करोड़ भुगतान बकाया था। जिसे लेकर चंडीगढ़ में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात की गई थी। कृषि मंत्री ने विश्वास दिलाया था कि जल्दी ही बकाया पेमेंट कर दी जाएगी। अभी दो दिन पहले ही शुगर मिल ने जिन किसानों का बकाया भुगतान था। उनके खातों में गन्ने की पेमेंट भेज दी है। उन्होंने बताया कि पिछली बार धान के सीजन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में पुरे प्रदेश की मंडियों में कंप्यूटराइज कांटे लगाने का भी श्याम सिंह राणा के निवास पर एक ज्ञापन सौंपा था। जिससे कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री से मिलकर प्रदेश में कंप्यूटर कांटो से अनाज तोलने की घोषणा कर दी थी। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री ने किसानों से वायदा किया कि आगामी वर्ष 2026-27 के सीजन में गन्ने का रेट बढ़ाया जाएगा और प्रदेश मे खाद व बीज की कमी नहीं रहने दी जाएगी। जिला कार्यकारिर्णी ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का विशेष तौर पर धनयवाद किया। इस अवसर पर अरविंन कांबोज गोंदपुरा, यादविंदर कांबोज जयपुर, रोहित कांबोज दामला, पवन गोयल दामला, उदय सिंह कुंजल आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गन्ना के बकाया भुगतान की जानकारी देते सुभाष गुर्जर व अन्य।

# हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल का मनाया विजय दिवस

**रादौर।** जाट छात्र संघ द्वारा रविवार को रादौर के जाट नगर में कार्यक्रम आयोजित कर हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल का 263 वां उत्साहपूर्वक विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्र संघ के सदस्यों ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र संघ के प्रधान साहिल बाल्यान ने की। संघ के प्रधान साहिल बाल्यान ने बताया कि महाराजा सूरजमल ने आज ही के दिन 10 मई 1753 को मुगलों को हराकर कर दिल्ली के लाल किले पर अपना ध्वज लहराया था। आज का दिन उन वीर जाट योद्धाओं की शौर्य गाथा और बलिदान की गवाही देता है। जिन्होंने अपने सीने पर दुश्मनों के तीर तलवार का सामना कर मुगलों की राजधानी पर फतेह हासिल की थी। उन्होंने कहा कि भरतपुर के महाराजा सूरजमल को स्वतंत्र हिन्दू राज्य बनाने के लिए भी जाना जाता है। सूरजमल ने मुगलों में इतना खौफ भर दिया था कि उसके नाम से ही नींद उड़ जाया करती थी। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल त्याग, बलिदान, वीरता की साक्षात मूर्ति थे। मुगलों से दिल्ली जीतने वाले एकमात्र हिन्दू राजा थे। उनके खौफ के कारण ही मुगल बादशाहों ने अपने राज्य में हिंदुओं की आस्था का केंद्र बने पीपल के पेड़ को काटने और गाय काटने पर प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने बताया कि सूरजमल का जन्म तब हुआ था। जब हिंदुस्तान मुगल बादशाह औरंगजेब के अत्याचारों से पीड़ति था। तब सनातन धर्म के मानने वाले लोगों की नित हत्या हो रही थी। महाराजा सूरजमल का राज्य आगरा, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, मेरठ, बागपत, एटा, बुलंदशहर, फिरÞजÞाबाद, फरुखाबाद, हापुड़ व हरियाणा के पलवल, मेवात, फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, गुडगÞांव, रोहतक, रेवाड़ी, झज्जर व राजस्थान के भरतपुर, अलवर, करौली, हिंडौन, दौसा आदि तक फैला हुआ था। महाराजा सूरजमल ने अपने जीवन में कई युद्ध लड़े और सभी जीते। युद्ध के दौरान हजारों दुश्मनों को नरक का रास्ता सूरजमल की तलवार ने दिखाया। 25 दिसम्बर 1763 को नजीबुद्दौला के साथ हिंडन नदी के तट पर हुए युद्ध में अपने ही लोगों के धोखे के कारण सूरजमल वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने युवा वर्ग को महाराजा सूरजमल के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने के लिए आहवान किया।

# रक्तदान शिविर में एकत्रित किया गया 105 यूनिट रक्त

- शिविर में 1930 मरीजों के स्वास्थ्य की भी की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जीवनदीप संस्थान, सिद्धिविनायक क्लब, भारत विकास परिषद व सीएचडी कंसलटेंट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कस्बा के सफल पैलेस में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं ब्लाक समिति सदस्य स्वर्ण सिंह, डॉ. विमल गर्ग, पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा, अरविंद रोहिल्ला, रामकुमार वर्मा, सरदार हरजीत सिंह, डॉ. जसविंदर सैनी, एडवोकेट यतेंद्र वर्मा, सेवानिवृत्त आरटीओ लेखराज आहूजा व निरंकारी मिशन के प्रधान पवन ग्रोवर ने संयुक्त रुप से रक्तदाताओं को बैज लगाकर व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने रक्तदाताओं से 105 यूनिट रक्त एकत्रित किया। वहीं, मौके पर आयोजित किए गए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सिविर में डॉक्टरों ने 1930 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। 280 लोगों के रक्त एवं मूत्र परीक्षण किया गया और 230 लोगों की सांस एवं टीबी संबंधी बीमारियों की जांच भी की गई। इसके अलावा शिविर के दौरान जरूरतमंद लोगों को 9 व्हीलचेयर, 12 वॉकर, 35 छड़ियां, 7 बैसाखियां, 480 नजर के चश्मे तथा 14 श्रवण यंत्र निःशुल्क दिए गए। जीवनदीप के अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया। समाजसेवी अरविंद रोहिल्ला ने सभी सहयोगियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एडवोकेट अजय शांडिल्य, रोटरी क्लब रादौर से सचिव भारत माटिया, रामकुमार वर्मा, राजीव शर्मा, विपिन शर्मा, राजीव रोहिल्ला, पूर्व सरपंच गुरदेव सिंह, बच्चा यादव, ललित मटिया, कुलदीप गुप्ता, संजय कंबोज व विनोद गर्ग मौजूद रहे।



**रादौर।** सफल पैलेस में रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

# पति मजदूरी पर गया, पत्नी दो साल के बेटे संग लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- जगाधरी के मुखर्जी पार्क क्षेत्र की घटना, पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की महिला और बच्चे की तलाश

जगाधरी के मुखर्जी पार्क क्षेत्र से एक महिला अपने दो साल के बेटे को साथ लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। घटना के समय महिला का पति काम पर गया था। वापस लौटा तो पत्नी और बेटा गायब मिले। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में उत्तर प्रदेश के गोंडा जनपद के गांव अभिनपुर निवासी ननके ने बताया कि वह पिछले करीब सात साल से मुखर्जी पार्क में किराये पर रह रहा है और मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसकी शादी करीब चार साल पहले प्रियंका से हुई थी। उनका दो साल का बेटा आनंद राम है।

ननके ने पुलिस को बताया कि पांच मई की सुबह करीब आठ बजे वह काम पर चला गया था। शाम करीब छह बजे वापस घर लौटा तो घर पर पत्नी प्रियंका और बेटा आनंद राम नहीं मिले। काफी तलाश के बाद भी दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। आरोप है कि उसकी पत्नी बिना बताए बेटे को साथ लेकर कहीं चली गई। उसने बताया कि उसकी पत्नी का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

कांग्रेस ने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

# भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान : त्यागी

**पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कांग्रेस द्वारा यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को गांव गधौली स्थित रविदास मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अभियान का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। मौके पर ग्रामीणों ने रमन त्यागी का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से आज हर वर्ग परेशान है। आम जनता अपने छोटे छोटे कामों के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं। लोगों की फाइलें साल साल भर से अधिकारियों की टेबलों पर पड़ी हुई हैं। जिन पर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है और लोग परेशान हैं।

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि आज प्रदेश में कर्मचारी लगातार हड़ताल पर हैं। जिससे साफ जाहिर होता है कि सरकार कर्मचारियों और आम लोगों दोनों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार विकास के बड़े बड़े दावे करती हैं। वहीं, दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। शहर और गांवों में समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। लेकिन सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। रमन त्यागी ने आरोप लगाया कि जनता को विकास के नाम पर गुमराह किया गया है । जिसकी वजह से अब लोग बदलाव का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश में लोग अब कांग्रेस को विकल्प के रुप में देख रहे हैं। अब वह दिन दूर नहीं है जब प्रदेश और देश में कांग्रेस की सरकार होगी और लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राधेश्याम, राम रतन, रामरूप, अनिल, रमेश और विजय आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गांव गधौली में जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी का स्वागत करते ग्रामीण।

## खबर संक्षेप

### किसानों के खातों में गेहूं खरीद की भेजी राशि

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले के किसानों के खातों में गेहूं खरीद के 1315 करोड़ 65 लाख 18 हजार 679 रुपए 9 मई तक भेजे जा चुके हैं। सरकार के निदेर्शानुसार उठान के 48 घंटे में किसानों के खाते में पेमेंट भेजी जा रही है। उठान के अनुसार 98 प्रतिशत गेहूं का पैसा किसानों के खाते में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि जिले की अनाज मंडियों में फूड सप्लाई एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड व हरियाणा वेयरहाउस द्वारा खरीद की जा रही है। अब तक जिले में 495785 एमटी गेहूं की लिफ्ट हो चुकी है। लिफ्ट के साथ-साथ किसानों के खातों में गेहूं खरीद का पैसा 1315 करोड़ 65 लाख 18 हजार 679 रुपए भेजा जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि फूड सप्लाई एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 35503 एमटी गेहूं की लिफ्ट की जा चुकी है और 888 करोड़ 77 लाख, 78 हजार 400 रुपए किसानों को भेजे जा चुके हैं। हैफेड द्वारा 154535 एमटी गेहूं की लिफ्ट की जा चुकी है और 396 करोड़ 76 लाख 55 हजार 753 रुपए किसानों को भेजे जा चुके हैं।

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानि कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

### भारत रक्षा मंच का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के पुराने बस स्टैंड समीप स्थित ब्राह्मण धर्मशाला के सभागार में भारत रक्षा मंच द्वारा हरियाणा प्रान्त में संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र भारत रक्षा मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सत्यवान बिरला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा भारत रक्षा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष राजेंद्र ढाका ने की। सम्मेलन में हरियाणा भारत रक्षा मंच के प्रान्तीय संगठन मंत्री प्रो. सुनील कुमार मुख्य वक्ता रहे तथा प्रान्त महामंत्री संजीव राठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. योगेश्वर जोशी ने किया तथा ललित चोपड़ा सह-संयोजक रहे। मंच संचालन विशाल बिसला ने प्रभावशाली एवं कुशलतापूर्वक किया।

## किशोर स्वास्थ्य एवं आधुनिक चिकित्सा विषयों पर राज्य स्तर पर हुई सीएमई

# प्रतिभागियों को नवीनतम चिकित्सा की जानकारियों से कराया अवगत

**बाल रोग विशेषज्ञों, चिकित्सा विशेषज्ञों, शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। समरोह में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स हरियाणा एवं एडोलसेंट हेल्थ एकेडमी हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय वार्षिक सीएमई (कन्टीयूनिंग मेडिकल एजुकेशन) का भव्य एवं सफल आयोजन होटल वीटा, कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आए बाल रोग विशेषज्ञों, चिकित्सा विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रुचिरा महेश्वरी गुप्ता राष्ट्रीय महासचिव, आईएपी), विशिष्ट अतिथि डॉ. सुषमा देसाई (राष्ट्रीय चेयरपर्सन, एडोलसेंट हेल्थ अकादमी), डॉ. समीर शाह (राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर), डॉ. राकेश सी. भारद्वाज (प्रधान एवं फाउंडर चेयरपर्सन, एडोलसेंट हेल्थ अकादमी हरियाणा एवं अध्यक्ष आईएपी कुरुक्षेत्र), डॉ. सुनीता मनचंदा (प्रदेश उपाध्यक्ष, एडोलसेंट हेल्थ अकादमी) एवं सचिन गर्ग (अध्यक्ष आईएपी) की विशिष्ट उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किशोर स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल सुरक्षा, नशा मुक्ति, पोषण, यौन स्वास्थ्य, टीकाकरण, काउंसलिंग, बाल चिकित्सा आपातकालीन सेवाओं एवं अन्य समसामयिक चिकित्सा विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक चर्चा की गई। प्रतिभागियों को नवीनतम चिकित्सा जानकारियों एवं व्यावहारिक अनुभवों से अवगत कराया गया। राष्ट्रीय चेयरपर्सन डॉ. सुषमा देसाई ने अपने संबोधन में कहा कि, आज के समय में शिक्षक केवल शिक्षण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे विद्यार्थियों के मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत एवं इस अवसर पर पंजाब से डॉ. एस. चावला, डॉ. हरमेश सिंह बैंस (लुधियाना), डॉ. सुरेश गुप्ता (गंगा राम हॉस्पिटल, दिल्ली), डॉ. अरुण प्रसाद (चंडीगढ़) सहित आईएपी एवं एडोलसेंट हेल्थ अकादमी के डॉ. केदार गोयल,डॉ अनिल त्यागी,डॉ रूचि जैन,डॉ. अनीता गोयल, डॉ. अंशुल, डॉ. कमल, डॉ. नीरज, डॉ. गीता गोयल, डॉ. छाया, डॉ. शिशिर एवं डॉ. विकास आदि रहे।

### आईएपी के राष्ट्रीय स्तर के कार्यों की जानकारी दी

मुख्य अतिथि डॉ. रुचिरा महेश्वरी गुप्ता ने आईएपी द्वारा किए जा रहे राष्ट्रीय स्तर के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि डीजीआईएपी नाम से एक नई मोबाइल एप्लीकेशन प्रारम्भ की गई है, जिसके माध्यम से बाल रोग विशेषज्ञ बच्चों के उपचार एवं नवीनतम चिकित्सा दिशानिर्देशों से संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने किशोरावस्था से जुड़े विभिन्न संवेदनशील विषयों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए डॉ. राकेश भारद्वाज के नेतृत्व में किए गए उत्कृष्ट आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

### किशोरों के सामने डिजिटल प्रभाव, मानसिक दबाव एवं सामाजिक चुनौतियां तेजी से बढ़ रही : डा. भारद्वाज

एडोलसेंट हेल्थ अकादमी हरियाणा के फाउंडर चेयरपर्सन एवं आईएपी कुरुक्षेत्र अध्यक्ष डॉ. राकेश सी. भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान समय में किशोरों के सामने डिजिटल प्रभाव, मानसिक दबाव एवं सामाजिक चुनौतियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में चिकित्सकों एवं शिक्षकों की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, ताकि किशोरों को सही दिशा एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। ऑगेनाईजिंग सेक्रेटरी डॉ. तनुज अग्रवाल ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उटए का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से जोड़ना है, जिससे वे मरीजों को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान कर सकें।



कुरुक्षेत्र। प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### महाकाली मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** गांव शांति नगर कुरड़ी में श्रीमद भगवती महामाया आदिशक्ति स्वयंभू महाकाली मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया जय ओंकार अन्तर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं श्रीश्री 1008 सतगुरु देव स्वामी संदीप ओंकार जी महाराज एवं श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरड़ी वालों के सानिध्य में वार्षिक मन्दिर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर को फूलों और विद्युत चलित लड़ियों से सजाया गया। मंदिर के अंदर स्थापित मां आदिशक्ति स्वयंभू महाकाली के सवा 7 फुट ऊंचे स्वरूप को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर पूजा अर्चना कर मां के नाम से महायज्ञ कर पूर्ण आहुति डाली गई। इस अवसर पर कुरड़ी वाले महाराजश्री जी ने कहा कि श्रीमद भगवती महामाया आदिशक्ति स्वयंभू महाकाली मंदिर अन्यत्र कहीं नहीं है। मां का 108 फुट ऊंचा मंदिर भव्य सुंदर है ,मां भगवान श्री ब्रह्मा विष्णु महेश जी की अधिष्ठात्री शक्ति है।

### रंगोली प्रतियोगिता में भावना एवं मुस्कान ने अव्वल



**कुरुक्षेत्र।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में उदयन केयर आई टी सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि संस्था की संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा रहीं। इस दौरान सेंटर में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें शालिनियों एवं छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने रंगोली के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान एवं भावनाओं को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी आकर्षक रंगोलियों ने पूरे परिसर को उत्साह एवं भावनाओं से भर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. सुषमा शर्मा ने शालिनियों एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि भारतीय संस्कृति में प्रतिदिन मां का आदर करने की परंपरा है। उन्होंने सभी छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें, अपने जीवन में सफलता प्राप्त करें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। यही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार होगा।

# महाराणा प्रताप थे पराकर्मी योद्धा : मोहन

- क्षत्रिय सभा भवन राजपूत धर्मशाला में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई महाराणा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। हाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत समाज के लोग श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर क्षत्रिय सभा भवन राजपूत धर्मशाला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजपूत समाज के गणमान्य लोगों, सामाजिक संगठनों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर महाराणा प्रताप को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति, वीरता और सामाजिक एकता का संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संत हरिदास जी, श्री जानकी आश्रम हरिद्वार ने महाराणा प्रताप के संघर्षमय और बलिदानी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें राष्ट्र गौरव की संज्ञा दी। कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप अमर रहें और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जयघोष लगाए। ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उनका जीवन स्वाभिमान, त्याग, राष्ट्रभक्ति और संघर्ष का प्रतीक है, जिससे हर पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्य अतिथि संत हरिदास ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन संघर्ष में बिताया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी मुगल सत्ता के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया। उनका जीवन त्याग, पराक्रम और आत्मसम्मान का सर्वोच्च उदाहरण है। कार्यक्रम के बाद राजपूत समाज के लोग तथा महाराणा प्रताप स्टूडेंट एसोसिएशन के सैकड़ों युवा अनुशासित जुलूस के रूप में क्षत्रिय सभा भवन से रवाना हुए।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

क्षत्रिय संघर्ष समिति के संयोजक मोहन सिंह राणा ने महाराणा प्रताप के आदर्श जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को महाराणा प्रताप के साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम से सीख लेकर समाज व देशहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर क्षत्रिय संघर्ष समिति के संयोजक मोहन सिंह राणा, सुमपाल राणा, कानूनगो सतपाल राणा, चंद्रपाल राणा, राजवीर राणा, विनोद राणा, विक्रम राणा, सोहन राणा, सुरेंद्र जलबेहड़ा, सुरजीत सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, महेश, विक्रम फरल, मेवा सिंह राणा, यशवीर राणा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# तख्त सचखंड श्रीहजूर साहिब नांदेड़ की माटी के कण कण में छिपा गुरुओं का इतिहास : सुभाष सुधा

- कुरुक्षेत्र भूमि पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं का किया फूल मालाओं से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पहुंचने पर श्रद्धालुओं का स्वागत करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र की माटी के कण कण में गुरुओं का वास है। इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने गुरुओं के ऐतिहासिक स्थलों, तप स्थलों तथा गुरुद्वारों के दर्शन किए। अहम पहलू यह है कि इन धार्मिक स्थलों के दर्शन के साथ ही 6 दिवसीय मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा ऐतिहासिक एवं यादगार क्षणों के साथ संपन्न हुई। श्रद्घालुओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को श्रवण पुत्र कहकर खूब आशीश दी। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र से पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत करने उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचने पर श्रद्धालुओं का फूल माला व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 मई को धार्मिक एवं तीर्थ यात्रा को रवाना किया गया था। इस यात्रा में 9 जिलों के 800 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के दर्शन किए। यह यात्रा निर्धारित किए गए शेड्यूल के अनुसार आज कुरुक्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर पहुंची है।




### धर्म की शक्ति युवाओं को दिला सकती बुराइयों से मुक्ति

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि धर्म में वह शक्ति है तो युवाओं को बुराई से मुक्ति दिला सकती है। धर्म की प्रेरणा से ही युवाओं को नशे और अपराध की दलदल में फंसने से रोका जा सकता है। अशोक अरोड़ा श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के तत्वावधान में कुरुक्षेत्र वेद विद्यालय एवं छात्रावास भवन के द्वितीय तल का लोकार्पण करने के पश्चात उपस्थित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री महानिवार्णी पंचायती अखाड़ा के श्रीमहंत बंसीपुरी के सान्निध्य में आयोजित इस लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता सभा के पूर्व प्रधान जयनारायण शर्मा ने की। अरोड़ा ने वेदपाठशाला के संस्थापक आचार्य स्वर्गीय बलराम शांडिल्य के चित्र के आगे द्वीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान जयनारायण शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और सभा की गतिविधियों का ब्यौरा रखा। सभा की ओर से पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार कौशिक, श्रीप्रकाश मिश्र, पंडित बालकृष्ण सिखौले, राजेंद्र जोशी, जयनारायण शर्मा, जलेश शर्मा, पंडित पवन शर्मा पौनी, श्याम सुंदर तिवाड़ी को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# एसवाईएल नहर में पानी हुआ कम, मगरमच्छों को पकड़ने के लिए चलाया सर्च ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। नहर में कम हुए पानी के बहाव का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

सतलुज-यमुना लिंक नहर में दिख रहे मगरमच्छों को पकड़ने के लिए बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। वाइल्ड लाइफ विभाग और गोताखोर प्रगट सिंह की टीम संयुक्त रूप से बचगांव, दबखेड़ी और उदारसी गांव के एरिया में सर्च ऑपरेशन चला रही है। नहर में पिछले कई दिनों से लगातार मगरमच्छ दिखाई देने के बाद आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ था। लोगों ने नहर किनारे जाना कम कर दिया था, जबकि पशुपालक भी अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए नहर तक ले जाने से बच रहे थे। नहर में तीन बड़े मगरमच्छ होने की आशंका है। इनमें से एक मगरमच्छ करीब 12 फीट लंबा है। इसके अलावा दो और मगरमच्छ 6 फीट और दूसरा 8-10 फीट लंबा है। दरअसल, इन दिनों एसवाईएल नहर में पानी का बहाव काफी कम है। नहर में केवल 3 से 4 फीट तक ही पानी बचा हुआ है। नहर की रिपेयर के लिए पानी का लेवल कम किया गया है। नहर में पानी कम होने की वजह से मगरमच्छों को छिपने की ज्यादा जगह नहीं मिल रही। पानी का लेवल कम होने से मगरमच्छ नहर के किनारे से बाहर भी नहीं निकल सकते। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए वाइल्ड लाइफ विभाग और गोताखोर प्रगट सिंह की टीम लगातार नहर के अंदर सर्च कर रही है।



### स्वामी ज्ञानानंद महाराज के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के 70वें पावन जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से गीता ज्ञान संस्थानम स्थित मेदांता अस्पताल में भव्य रक्तदान शिविर लगाया गया। प्रातः साढ़े आठ बजे प्रारंभ हुए इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों ने रक्तदान किया। शिविर में 71 यूनिट रक्तदान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज श्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके सानिध्य में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीटीएम आशीष कुमार, श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुलसचिव डा. कृष्ण कुमार गुप्ता, आशीष सबरवाल, सीएमओ सुखबीर सिंह, सैनी सभा प्रधान गुरनाम सैनी और पिपली अनाज मंडी सचिव धर्मपाल मथाना, पिपली अनाज मंडी सतबीर नैन मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा समिति जीओ गीता कुरुक्षेत्र प्रधान डा. ऋषिपाल ने प्रेरणा स्रोत के रूप में स्वयं रक्तदान किया। जीओ गीता के राष्ट्रीय सचिव मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि समिति के सदस्यों की यह सक्रिय सहभागिता निश्चित रूप से अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेगी।

# गांधी नगर में नशे के विरुद्ध जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। लोगों को जागरुक करते डा. अशोक कुमार वर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गांधी नगर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार आईपीएस के दिशानिदेर्शों तथा पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा आईपीएस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समाजसेवी संस्था प्रयास फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रधान नरेश सैनी के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर-3 के पार्षद प्रतिनिधि सौरभ सरबटे, रमेश कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने भाग लिया। उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है तथा मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी नशा तस्करी या नशे की बिक्री संबंधी सूचना मिले तो तुरंत एनसीबी नेशनल हेल्पलाइन 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल या हरियाणा एनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## मैच के फाइनल मुकाबले में स्टार क्रिकेट क्लब ने केयूके स्पार्टन को 10 विकेट से हराया

# मैच में राहुल धीमान बने मैन ऑफ द मैच व सीरीज

- टॉस जीतकर स्टार क्रिकेट क्लब ने केयूके स्पार्टन को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैच के फाइनल मुकाबले में स्टार क्रिकेट क्लब ने केयूके स्पार्टन को 10 विकेट से हराकर चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर स्टार क्रिकेट क्लब ने केयूके स्पार्टन को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। वहीं पावर प्ले में धीमी शुरूआत के बाद स्पार्टन टीम ने 5 विकेट खोकर 131 रन बनाए जिसमें अंशुल शर्मा ने 54 रन की शानदार पारी खेली। स्टार क्रिकेट क्लब की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत कल्याण ने 2 तथा सागर, शिवम व संदीप जांगड़ा ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार क्रिकेट क्लब की टीम के ओपनर बल्लेबाज राहुल धीमान व विजय जांगड़ा की ओपनर जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15वें ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाई। राहुल धीमान ने आक्रमक बल्लेबाजी करते हुए 84 रन बनाए जिसमें 9 चौके व 5 छक्के लगाए। वहीं विजय जांगड़ा ने 42 गेंदों में 44 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें 7 चौके शामिल रहे। राहुल धीमान को मैन ऑफ द मैच के साथ प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार मिला।

### भारत कल्याण को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब मिला

वहीं स्टार क्रिकेट कल्ब के भारत कल्याण को प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ क्रिकेटर एवं केयू उपकुलसचिव, विनोद वर्मा ने विजेता टीम को मुख्य ट्रॉफी प्रदान करते हुए अच्छे खेल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल शरीर, मन को स्वस्थ रखने तथा तनाव को दूर करने में सहायक है। इसके साथ ही उन्होंने उपविजेता टीम को भी ट्रॉफी व प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। विजेता टीम बनने पर कप्तान रशपाल सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में उनका लक्ष्य सिर्फ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था जिसकी बदौलत पूरी टीम की मेहनत रंग लाई।

## खबर संक्षेप

### चीका में फर्जी प्रॉपर्टी आईडी से 14.70 लाख की ठगी

**कैथल।** चीका में फर्जी प्रॉपर्टी आईडी से प्लॉट बेचने के नाम पर 14.70 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। खरीदार की शिकायत के आधार पर चीका थाना पुलिस ने दंपती सहित 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में वार्ड नंबर 7 हुडा आर-वन निवासी सुरेंद्र पाल ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी के नाम जय ज्योति राइस कॉलोनी में 6 मरले 6 सरसई का प्लॉट खरीदा था। खरीद के समय उन्हें एक जगह दिखाई गई, लेकिन बाद में रजिस्ट्री दूसरी जमीन की करवा दी। जब वे प्लॉट पर निर्माण कराने पहुंचे तो वहां तरसेम ने जमीन पर अपना दावा कर दिया। जांच में सामने आया कि जिस प्रॉपर्टी आईडी के आधार पर प्लॉट दिखाया गया था, उसका खसरा नंबर अलग था। जबकि रजिस्ट्री किसी दूसरे खसरे की करवाई गई। इस पूरे मामले में दिलबाग सिंह, कृष्ण, रानी देवी, सतपाल सहित अन्य लोगों की मिलीभगत है। पुलिस ने दपंती सहित पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात कार की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

**हांसी।** राजौंद। गांव सेरधा के पास पुंडरी मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक के पिता ईश्वर ने बताया कि उनका बेटा अक्षय (20) अपने साथी रामफल (26) के साथ खाना खाने के बाद मोटरसाइकिल पर काम के लिए जा रहा था। जैसे ही वे पुंडरी मार्ग पर पहुंचे, सामने से आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर गए। हादसे में अक्षय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामफल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी टांग टूट गई। सूचना मिलते ही डीएसपी कैथल बीरभान पुलिस मौके पर पहुंचे और और उन्होंने ग्रामीणों को समझने का काफी प्रयास किया।

### काली गाड़ी में अफीम तस्करी के 4 आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा एक वरना गाड़ी में नशा तस्करी कर रहे 4 आरोपियों को 250 ग्राम अफीम सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जगभान की टीम को गश्त दौरान गांव टीक के पास टी प्वाइंट बरोट-बंदराना रोड के पास एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई की ढांड पंचमुखी चौक के पास एक काली रंग की वरना कार में चार व्यक्ति बैठे हुए हैं, जो नशीला पदार्थ लेकर कैथल की तरफ आने वाले हैं। जिन्हे नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तुरंत ढांड कैथल रोड टीक के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। आरोपियों की पहचान गांव कैलरम निवासी मन्दीप व जसविंद्र सिंह, चंदाना निवासी आनंद तथा गांव खनोदा निवासी रिशी के रूप में हुई। डीएसपी रमेश चंद्र के समक्ष की गई जांच व तलाशी दौरान कार के डैशबोर्ड में रखे एक पॉलिथीन से 250 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार करके गाड़ी को जब्त कर लिया गया।

## सुबह कुछ बूथों पर नागरिकों ने दिखाया उत्साह, लाख कोशिश के बावजूद मतदान में नहीं हुई बढ़ौतरी

# मतदाताओं ने शहर की सरकार चुनने में नहीं दिखाया उत्साह, 53 फीसदी ने किया मतदान

शहर के कुछ बूथों पर हुआ हंगामा, बेहतर सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से किसी मतदान केंद्र पर नहीं हुई कोई अप्रिय घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नगर निगम चुनाव के लिए रविवार को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। छोटी_छोटी घटनाओं को छोड़कर सभी मतदान केंद्रों पर पर शांति रही। लोगों ने शहर की सरकार चुनने के लिए उत्साह दिखाया। हालांकि शुरूआत से लेकर अंत तक मतदान को लेकर मतदाताओं का उत्साह बेहद फीका नजर आया। शाम छह बजे तक करीब 53 फीसदी के आसपास मतदान दर्ज किया गया था। हालांकि छह बजे के बाद मतदान केंद्रों के अंदर लगी भीड़ की वजह से मतदान के आंकड़े में बढ़ौतरी होने की संभावना जताई जा रही है। मतदान को लेकर भाजपा_कांग्रेस की ओर से अपनी अपनी जीत के दावे किए जा रहे हैं। फिलहाल मतदान संपन्न होने के साथ ही पिछले कई दिनों से कड़ी कसरत कर रहे मेयर व सदस्य पद के तमाम प्रत्याशियों को भारी राहत मिली है। जिला प्रशासन द्वारा हर मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थी।



अंबाला। निगम चुनाव के दौरान मतदान के दृश्य। फोटो : हरिभूमि





अंबाला। वोटर आईडी दिखाते मतदाता व मताधिकार का प्रयोग करने आते दिव्यांग। फोटो : हरिभूमि

### सभी वार्डों के सदस्यों ने किया मतदान

नगर निगम चुनाव को लेकर शहर के 20 वार्डों में रविवार को मतदान को लेकर सदस्यों ने भारी उत्साह दिखाया। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही देखने को मिली। मॉडल टाउन स्थित मतदान केंद्र पर भाजपा की सदस्य पद की उम्मीदवार बीनू गर्ग भी वोट डालने पहुंचीं। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस बार चुनाव में शहर का विकास, सफाई व्यवस्था, सड़कें, सीवरेज और मूलभूत सुविधाएं प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। मतदाता भी इन मुद्दों को ध्यान में रखकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। कई मतदान केंद्रों पर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रशासन की ओर से सभी बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर पुलिस बल और चुनाव कर्मी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

### निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने निगम चुनाव को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष चुनाव करवाने में दिए गए सहयोग के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। मतदाताओं ने आगे आकर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया के बाद पोलिंग पार्टियों ने सेक्टर-9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में स्थापित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों व निर्धारित काउंटरों पर चुनाव सामग्री को जमा करवाने का कार्य शुरू कर दिया है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम चुनाव के तहत मतदाताओं की संख्या 198224 है। उन्होंने बताया कि चुनाव में लगे कर्मचारियों व अधिकारियों ने अपनी डयूटी का बखूबी निर्वाह किया है जिसके चलते चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो पाया हैं। उन्होंने बताया कि 13 मई को मतगणना होगी। चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे। पुलिस की भी हर मतदान केंद्र पर पैनी नजर थी। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की गई थी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाते हुए निगम चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया है।चुनाव को लेकर मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

### एजेंट को लेकर हुआ हंगामा

अंबाला शहर के वार्ड नंबर आठ में आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हंगामा हो गया। कांग्रेस प्रत्याशी के एजेंट को बूथ में घुसने नहीं दिया और भाजपा प्रत्याशी पर फर्जी तरीके से अपने लोगों को बूथ में घुसाने के आरोप लगे हैं। मामला इतना बढ़ गया कि महिलाओं ने प्रशासन की व्यवस्था का विरोध किया। चुनाव खत्म होने के कुछ देर पहले ही यहां हंगामा हो गया। पुलिस बल व अन्य सुरक्षा बलों की सहायता से मुश्किल से हालात पर काबू पाया गया।

### कई केंद्रों पर लगी कतारें

'शहर की सरकार' चुनने के लिए मतदान प्रक्रिया तेजी से चल रही है और शहरवासियों में चुनाव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर वोटरों की कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में मेयर पद की प्रत्याशी अक्षिता सैनी ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने अंबाला शहर के केपीएके महाविद्यालय में बने बूथ पर अपने परिवार के साथ जाकर मतदान किया। वोट डालने के बाद उन्होंने शहर की जनता से भी घरों से बाहर निकलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की।



अंबाला। मतदान के बाद ईवीएम लेकर वापिस लौटते कर्मचारी।

### मतदान के दौरान नहीं हुई कोई अप्रिय घटना

अंबाला। नगर निगम चुनाव के दौरान कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। ज्यादातर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किया। हालांकि मतदान के दौरान खलल डालने पर पीकेआर जैन मॉडल स्कूल के बाद पुलिस के एक अधिकारी ने युवक को थप्पड़ जड़ दिया। इसकी वजह से काफी देर तक मतदान केंद्र के बाहर हंगामा होता रहा। कड़ी मशक्कत के बाद मामले को शांत किया गया। नगर निगम के शहरी एरिया में मतदान में इस बार कमी देखी गई। जबकि ग्रामीण इलाकों में लोगों ने जमकर मतदान किया। हालांकि पांच साल में कोई काम न होने के बावजूद ग्रामीणों ने मतदान में उत्साह दिखाया। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार उन्हें काम होने की उम्मीद है। हालांकि ज्यादातर ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पांच सालों में तो उनके गांवों में विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगी। यहीं ईवीएम को जमा करवाया जा रहा है।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए एसपी ने कई केंद्रों का लिया जायजा

- स्ट्रांग रूम की अभेद्य होगी सुरक्षा, थ्री-लेयर सुरक्षा घेरे में होंगी ईवीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नगर निगम चुनाव के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने रविवार को खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने सुबह से ही जिले के विभिन्न संवेदनशील और मुख्य मतदान केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी ने सक्रिय रुख अपनाते हुए गांव घेल, नसीरपुर, आईटीआई अंबाला शहर, जीआरएसडी स्कूल, सरकारी स्कूल प्रेम नगर, एएस हाई स्कूल, गांव काकरू और मंडौर , जंडली, कांवला, सेक्टर 9 सहित कई महत्वपूर्ण बूथों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैनात पुलिस बल को मुस्तैदी बरतने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा घेरे का जायजा लिया ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्र के भीतर और आसपास भीड़ एकत्रित न होने दें। मतदान केंद्रों पर मौजूद मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए एसपी ने उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने अपील करते हुए कहालोकतंत्र की मजबूती के लिए हर वोट कीमती है। आप बिना किसी डर, प्रलोभन या दबाव के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने वाले या अफवाह फैलाने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। मतदान खत्म होने के बाद शाम को सभी केंद्रों से ईवीएम व अन्य सामग्री लेकर अधिकारी व कर्मचारी वापिस लौटने लगे थे। अंबाला शहर के सेक्टर 9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है।



बूथों का जायजा लेते एसपी अजीत सिंह शेखावत।

### थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था

उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीमें और कमांडो रिजर्व को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मतदान प्रक्रिया के बाद ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का भी एसपी ने जायजा लिया । उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को 'अभेद्य' बनाने के लिए थ्री-लेयर सुरक्षा की गई है। स्ट्रांग रूम को तीन परतों वाली सुरक्षा में रखा जाएगा। एचएपी और जिला पुलिस का घेरा मजबूत होगा। सुरक्षा की दो लेयर हरियाणा आर्म्ड पुलिस की तैनात रहेगी जबकि एक घेरा जिला पुलिस के जवानों का होगा। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे पैनी नजर रखी जा रही है जिसका लाइव प्रसारण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण और उद्घाटन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हाथीखाना मंदिर में होगा कार्यक्रम

**अंबाला।** स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण और उद्घाटन के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 मई 2026 को सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामय उपस्थित में एक भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में अंबाला छावनी स्थित प्राचीन हाथी खाना मंदिर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें परिवहन, उर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर आनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना संदेश भी देगें जिसे यहां पर दिखाने का काम किया जाएगा।बता दें कि स्वतंत्र भारत में मई 1951 में मंदिर के पुनर्निर्माण और उद्घाटन के 75 वर्ष भी पूरे हो रहे है। बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माने जाने वाले सोमनाथ मंदिर ने सदियों से राष्ट्रीय दृष्टता, अदम्य विश्वास और अटूट आस्था के प्रतीक के रूप में अपनी पहचान बनाए रखी है। इसी के तहत भारत सरकार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की धैर्यगाथा एवं अटूट आस्था का आयोजन 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक वर्ष भर चलने वाले राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में कर रही है। इसी उपलक्ष्य में 11 मई 2026 को सोमनाथ मंदिर में एक भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत यहां अम्बाला छावनी में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## पूरे विश्व में कायम हो सकती है प्रेम शांति व सद्भावना की भावना : संतोष

- शिवालिक स्कूल में हुआ मुस्कान के साथ सेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिपिंग एवीएशन और टुरीज्म विंग के द्वारा शांति एवं सद्भावना कार्यकम के अंतर्गत शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में 'मुस्कान के साथ सेवा' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय इंटरनेशनल के राजयोग एजूकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन आबू राजस्थान के शिपिंग एविएशन एंड टूरिज्म विंग के द्वारा देश में शांति प्रेम सद्भावना का संदेश देने के लिए किये जा रहे है। कार्यक्रम में माउंट आबू से पधारे संतोष भाई ने बताया कि कैसे हम घर परिवार, समाज और देश पूरे विश्व में प्रेम शांति और सद्भावना कायम कर सकते है । कैसे हम जहां पर हम कार्य करते है कैसे हम अपने कार्य को बोझ न समझकर अपना कर्तव्य समझ कर अपना जीवन आसान बना सकते है । बीके प्रीति बहन ने सभी को जीवन में मेडिटेशन का महत्व समझाया और सभी को मेडिटेशन की अनुभूति करवाई और कार्यक्रम के अंत में देश समाज के प्रति प्रतिज्ञा करवाई।



अंबाला। कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के सदस्य व स्कूल स्टाफ।

### रिहायशी भवन से चोरी कर भाग रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चोरी का माल जब्त

**अंबाला।** शहर के गोविंद विहार इलाके में एक रिहायशी मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। हालांकि परिवार और पड़ोसियों की सतर्कता के चलते चोरी कर भाग रहे आरोपी को पीछा कर पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर चोरी का सामान बरामद कर लिया है।जानकारी के अनुसार गोविंद विहार निवासी मुकुल सिंगला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बड़े भाई मनीष कुमार के साथ मकान नंबर-1 में रहते हैं। घटना के समय मुकुल ड्यूटी पर गए हुए थे, जबकि उनके भाई दुकान पर थे। शाम करीब चार बजे उनकी भाभी गीता रानी बच्चों को ट्यूशन छोड़ने के लिए घर से निकली थीं और मुख्य गेट पर ताला लगाकर गई थीं। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस लौटीं तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और दरवाजा अंदर से बंद था।उन्होंने तुरंत मुकुल को सूचना दी। इसके बाद मुकुल और पड़ोसी मौके पर पहुंचे। दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश किया और मुख्य दरवाजा खोला। अंदर कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। चोर मुकुल के कमरे की अलमारी से 15 हजार रुपये नकद और एक घड़ी, जबकि मनीष कुमार के कमरे से करीब 6600 रुपये चोरी कर ले गया था।इसी दौरान एक पड़ोसी ने बताया कि उसने एक युवक को महरून रंग की टी-शर्ट पहने घर की छत से कूदकर भागते देखा है। सूचना मिलते ही मुकुल और मनीष ने मोटरसाइकिल पर उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर पकड़ लिया।

### स्वामी ज्ञानानंद के अवतरण दिवस पर 101 युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाकर किया रक्तदान

**नारायणगढ़।** गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अवतरण दिवस पर श्री कृष्ण कृपा एवं जिओ गीता परिवार द्वारा नगरखेड़ा में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदाताओं ने यहां 101 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन संस्था प्रधान एवं अंतर्राष्ट्रीय जियो गीता परिवार के उपप्रधान अशोक मेहता ने किया। अंबाला शहर मिशन अस्पताल की टीम ने डॉक्टर अभिषेक व डॉक्टर कृष्ण लाल के नेतृत्व में 101 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रविवार को ज्ञानानंद महाराज के पावन अवतरण दिवस पर श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जीयो गीता परिवार द्वारा लगाए गए रक्त दान शिविर में लोगों द्वारा रक्त दान करने के लिए भारी उत्साह देखा गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### नप सफाई कर्मचारियों ने बजाई थाली व उठाए झाड़ू

**कैथल।** नगर परिषद कैथल के सफाई कर्मचारियों ने रविवार को कर तहसील रोड भगतसिंह चौक रेलवे रोड से होते हुऐ भाजपा जिला प्रधान ज्योति सैनी और नगर परिषद चैयरमैन के आवास तक जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में उन्हें अपनी मांगों को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ हयियाणा के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस ब्लॉक प्रधान सुरेन्द्र कुमार पहलवान, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक ने कहा कि हरियाणा सरकार मजदूर-कर्मचारियों की मांगो को पूरा करने की बजाय लाठिया बरसा रही है।

## ब्रेन डैड होने के बाद मृतक के परिवार ने लिया था निर्णय

# दुनिया से विदा होने के बाद दो लोगों को नई जिंदगी दे गया करण

पीजीआई में चल रहा था उपचार, एक युवक को लीवर तो दूसरी महिला को ट्रांसप्लांट की गई किडनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मृतक करण की फोटो।

हादसे में जान गंवाने वाले 20 वर्षीय करण दो लोगों को जिंदगी दे गया। मौत के बाद उसके परिजनों ने करण के अंगदान का फैसला लिया था। इसके बाद दो गंभीर मरीजों को नई जिंदगी मिल सकी। करण के बड़े भाई सुनील कुमार ने कहा कि करण सपनों से भरा हुआ था। उसकी पूरी जिंदगी बाकी थी। उसे खोने का दर्द कभी खत्म नहीं हो सकता लेकिन यह जानकर सुकून मिलता है कि उसका एक हिस्सा दूसरों की जिंदगी में हमेशा जिंदा रहेगा।

उन्होंने कहा कि यही एक तरीका था कि करण जाने के बाद भी लोगों के काम आता रहे। करण अंबाला शहर के रामदास नगर का रहने वाला था। 12वीं कक्षा का छात्र था। 28 अप्रैल 2026 को सड़क पार करते समय उसे एक कार ने टक्कर मार दी थी। पहले उसे सिविल अस्पताल अंबाला ले जाया गया। बाद में हालत गंभीर होने पर चंडीगढ़ के सेक्टर-32 रेफर किया गया। फिर एडवांस इलाज के लिए पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ लाया गया। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। 7 मई 2026 को ब्रेन स्टेम डेथ कमेटी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इस मुश्किल समय में करण के पिता मोहन लाल और बड़े भाई सुनील कुमार ने अंगदान की सहमति दी। परिवार ने कहा कि वे चाहते थे कि करण की याद किसी और की जिंदगी बचाकर हमेशा जिंदा रहे। करण का लीवर, पैंक्रियाज और दोनों किडनी सफलतापूर्वक निकाले गए। फिर पीजीआई में में जरूरतमंद मरीजों को ट्रांसप्लांट किए गए। परिवार ने फेफड़े दान करने की भी अनुमति दी थी लेकिन मेडिकल जांच में वे ट्रांसप्लांट के लिए उपयुक्त नहीं पाए गए। करण का लीवर एंड-स्टेज लीवर डिजीज से जूझ रहे 22 वर्षीय युवक को लगाया गया। वहीं उसकी पैंक्रियाज और एक किडनी 35 वर्षीय महिला में ट्रांसप्लांट की गई, जो लंबे समय से गंभीर अंग विफलता और उससे जुड़ी जटिलताओं से जूझ रही थी।

### अंगदान बना जीवनदान

20 वर्षीय करण की मौत के बाद उसके परिवार ने जो फैसला लिया, उसने दो लोगों को नई जिंदगी दे दी। सड़क हादसे में घायल होने के बाद पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में उपचार के दौरान करण को ब्रेन डेड घोषित किया गया था। इसके बाद पिता मोहन लाल और बड़े भाई सुनील कुमार ने अंगदान की सहमति दी। परिवार का कहना है कि करण भले ही अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसके अंग दूसरों की जिंदगी में धड़कते रहेंगे। करण का लीवर, पैंक्रियाज और दोनों किडनी सफलतापूर्वक दान किए गए।